**श्री महेन्द्र कुमार, सचिव, खेल विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–31.12.2025 (बुधवार) को अपराह्न 03:00 बजे आहूत बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही**

**उपस्थिति**

1. श्री आरिफ अहसन, निदेशक, खेल विभाग।
2. श्री कुमार अनुराग, प्रबंधक निदेशक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।
3. श्री राजन कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, खेल विभाग।
4. श्री अजय कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
5. श्री संजय कुमार सिंह, महाप्रबंधक, परियोजना, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।
6. श्रीमती नुपूर झा, उप निदेशक, खेल विभाग।
7. श्री अमर गौरव, परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।
8. श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक (क्रीड़ा), खेल निदेशालय।

**कार्यवाही**

**I प्रगति यात्रा**

सचिव महोदय, खेल विभाग द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय के प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के संबंध में अद्यतन जानकारी देने हेतु निदेश दिया गया।

बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि कुल 14 घोषणाएं की गई है जिसमें 13 योजनाओं में कार्य आवंटित किया गया है, जिसमें नवगछिया में भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र कृषि विभाग से अप्राप्त है तथा 01 योजना यथा– पूर्णिया में पुनर्निविदा आमंत्रित किया गया।

इस संबंध में बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना के पदाधिकारियों को अविलम्ब निविदा निष्पादित कर कार्य प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया तथा निम्नलिखित योजनाओं के संबंध में अर्द्ध–सरकारी पत्र भेजने का निदेश प्राप्त है–

| क्र. सं. | जिला का नाम | निगम द्वारा परिलक्षित समस्या | सचिव महोदय द्वारा दिये गये निदेश |
|---|---|---|---|
| 1. | जहानाबाद | चिन्हित भूमि पर माननीय उच्च न्यायालय में वाद दायर किया गया है। दूसरी भूमि चिन्हित किया गया है। | इस संबंध में संचिका उपस्थापित करने का निदेश दिया गया। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | भागलपुर | चिन्हित भूमि पर 11 KV का विद्युत पोल एवं कृषि विभाग से अनापत्ति पत्र अप्राप्त है। | इस संबंध में जिला पदाधिकारी, भागलपुर को कृषि विभाग से अनापत्ति पत्र प्राप्त करने अथवा दूसरी भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु पत्र भेजा जाय। |
| 3. | खगड़िया | चिन्हित भूमि में एक तरफ घेराबंदी करने की समस्या। | इस संबंध में जिला पदाधिकारी, खगड़िया को पत्र भेजा जाय। |
| 4. | अरवल | भूमि हस्तांतरण संबंधी समस्या। | इस संबंध में जिला पदाधिकारी, अरवल को पत्र भेजा जाय। |

उक्त कार्य का अनुश्रवण श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव एवं श्री अजय कुमार, अवर सचिव द्वारा किया जायेगा।

## II खेल भवन–सह–व्यायामशाला

महाप्रबंधक, परियोजना, बि०रा०भ०नि०नि०लि०, पटना द्वारा बताया गया कि कुल 13 योजनाएं खेल भवन–सह–व्यायामशाला से संबंधित है जिनमें से बेगूसराय, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, दरभंगा, वैशाली, शेखपुरा एवं गोपालगंज में कार्य प्रगति पर है एवं वर्त्तमान में निम्नलिखित जिलों में समस्या उत्पन्न हुई है, जिसका निराकरण किया जाना आवश्यक है:–

| क्र. सं. | जिला का नाम | समस्या | सचिव महोदय द्वारा दिये गये निदेश |
|---|---|---|---|
| 1. | बक्सर | कार्यस्थल पर 10–12 पुरानी संरचना है, जिसे तोड़ा जाना है। | इस संबंध में जिला पदाधिकारी, बक्सर को पत्र भेजा जाय। |
| 2. | नालंदा | सिलाव में चिन्हित भूमि का सीमांकण किया जाना है। | इस संबंध में जिला पदाधिकारी, नालंदा को पत्र भेजा जाय। |
| 3. | मुंगेर | चिन्हित भूमि पर 4–5 पेड़ को हटाया जाना है। | इस संबंध में जिला पदाधिकारी, मुंगेर को पत्र भेजा जाय। |

➢ निर्मित 25 खेल भवन–सह–व्यायामशाला में RO, A.C, Generator Set, Signage एवं CCTV Camera के अधिष्ठापन के संबंध में निगम द्वारा सूचित किया

गया है कि दक्षिण बिहार हेतु निविदा खोल दिया गया है तथा उत्तर बिहार हेतु निविदा प्राप्त नहीं हुआ है। इस संबंध में सचिव महोदय द्वारा निगम को निदेश दिया गया कि अविलम्ब उक्त कार्य करना सुनिश्चित करेंगे।

## III प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम निर्माण

**(क)** उपर्युक्त के संबंध में बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना द्वारा बताया गया कि कुल 78 नयी योजनाओं पर प्रशासनिक स्वीकृति विभाग द्वारा दी जा चुकी है, जिसकी अद्यतन स्थिति निम्नवत् है–

| कार्यावंटित | निविदा निष्पादन की प्रक्रिया | डी0पीआर0 |
|---|---|---|
| 59 | 18 | 01 |

निगम के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि **कार्यावंटित** 59 योजनाओं में 16 में कतिपय समस्याएँ निम्नांकित हैः–

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | किये जाने वाले कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | कार्य की अद्यतन प्रगति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सिवान | मु0खे0वि0यो0 अंतर्गत **सिवान** जिला के लकड़ी **नवीगंज** प्रखंड में 200 मी0 ट्रैक युक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य। | 2.0592 करोड़ ज्ञापांक–177 दिनांक–22.04.2025 पंत्राक–209 दिनांक–30.04.2025 | कार्य आवंटित।। उपलब्ध कराया गया स्थल कम है। |
| 2. | वैशाली | मु0खे0वि0यो0 अंतर्गत **वैशाली** जिला के प्रखंड– **महुआ** में 200 मी0 ट्रैकयुक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य। | 2.1020 करोड़ ज्ञापांक–300 दिनांक–03.06.2025 | कार्य आवंटित।। प्रधानाध्यापक, राजकीयकृत उच्च विद्यालय, सिंघाड़ा द्वारा अंचलाधिकारी से सीमांकन कराने के उपरांत कार्य प्रारंभ। |
| 3. | सीतामढ़ी | मु0खे0वि0यो0 अंतर्गत **सीतामढ़ी** जिला के प्रखंड– **चोरौत** में 200 मी0 ट्रैकयुक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य। | 2.0592 करोड़ ज्ञापांक–387 दिनांक–09.07.2025 | कार्य आवंटित। अंचल अमीन द्वारा पूर्व में चिन्हित किये गये स्थल के बगल वाली जमीन का सीमांकन वर्तमान में कराया गया है। इस स्थल के कुछ भाग में 7–8 फीट तालाह है, जिसमें मछली पालन किया जाता है। साथ हीं स्थल पर 3 बिजली का पोल/तार है। |
| 4 | मुजफ्फरपुर | मु0खे0वि0यो0 अंतर्गत **मुजफ्फरपुर** जिला के प्रखंड– **जैतपुर सरैया** | 2.0592 करोड़ ज्ञापांक–184 दिनांक–22.04.2025 | कार्य प्रगति पर। आंशिक समस्या। |

(284)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | में 200 मी0 ट्रैकयुक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य। | पंत्राक–208 दिनांक–30.04.2025 | प्रधानाध्यापक, एस0के0एस0डी0 उच्च विद्यालय द्वारा 420 मी0 की जगह 560 मी0 चहारदिवारी कार्य करने को कहा जा रहा है। |
| 5. | पूर्णिया | मु0खे0वि0यो0 अंतर्गत **पूर्णिया** जिला के प्रखंड–**डगरुआ** में 200 मी0 ट्रैकयुक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य। | 1.9950 करोड़ ज्ञापांक–182 दिनांक–22.04.2025 पंत्राक–205 दिनांक–30.04.2025 | कार्य आवंटित। समस्याग्रस्त। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कर्बला की जमीन बताते हुये कार्य बाधित किया गया है। |
| 6. | सुपौल | मु0खे0वि0यो0 अंतर्गत **सुपौल** जिला के प्रखंड–**बसंतपुर** में विद्यालय, भीमनगर के दक्षिण खाली मैदान में 200 मी0 ट्रैकयुक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य। | 2.1298 करोड़ ज्ञापांक–183 दिनांक–22.04.2025 पंत्राक–211 दिनांक–30.04.2025 | नींव खुदाई का कार्य प्रारंभ किया गया था। बी0एम0पी0 कैंप के सदस्यों द्वारा कार्य बंद करा दिया गया है। उनके द्वारा अपनी जमीन बताई जा रही है। |
| 7. | बेगूसराय | मु0खे0वि0यो0 अंतर्गत **बेगूसराय** जिला के प्रखंड–**गढ़पुरा** के दुन्ही में 200 मी0 ट्रैकयुक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य। | 2.0592 करोड़ ज्ञापांक–282 दिनांक–21.05.2025 | कार्य आवंटित। पूर्व चिन्हित स्थल पर ग्रामीणों द्वारा कार्य बाधित। रैयती जमीन। पुनः नये स्थल का सीमांकन किया गया जो लगभग 4 फीट गड्ढे में है, तथा पानी जमा है। |
| 8. | लखीसराय | मु0खे0वि0यो0 अंतर्गत **लखीसराय** जिला के चानन प्रखंड के गोपालपुर में 200 मी0 ट्रैकयुक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य। | ₹2.0752 करोड़ ज्ञापांक–217 दिनांक–07.05.2025 | कार्य आवंटित। बाधित। स्थानीय व्यक्ति द्वारा निजी भूमि बताई जा रही है। उपमहाप्रबंधक, मुँगेर के पत्रांक–2578, दिनांक–25.09.2025, पत्रांक–2633, दिनांक–11.10.2025 एवं पत्रांक–2794, दिनांक– 24.11.2025 द्वारा अंचलाधिकारी, चानन से समस्या के निराकरण का आग्रह किया गया है। |
| 9. | भागलपुर | मु0खे0वि0यो0 अंतर्गत भागलपुर जिला के इस्माईलपुर प्रखंड में ग्राम पंचायत–परबत्ता में 200 मी0 ट्रैकयुक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य। | ₹2.1908 करोड़ ज्ञापांक–283 दिनांक–21.05.2025 | कार्य आवंटित। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मैदान के अंतिम छोर जिसका खेसरा दुसरा है, से कार्य प्रारंभ करने का दवाब बनाया जा रहा है। जिला खेल पदा0, भागलपुर से समाधान का आग्रह किया गया है। |
| 10. | भागलपुर | मु0खे0वि0यो0 अंतर्गत भागलपुर जिला के गौराडिह प्रखंड में बिरनौद्ध के मैदान में 200 मी0 ट्रैकयुक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य। | ₹2.0752 करोड़ ज्ञापांक–236 दिनांक–07.05.2025 | कार्य आवंटित। परिवर्तित स्थल का कुछ भाग 20 फीट गड्ढ़े में है, जो निर्माण हेतु अनुपयुक्त है। उपमहाप्रबंधक, भागलपुर के पत्रांक–696, दिनांक– 27.11.2025 द्वारा जिला खेल पदा0, भागलपुर से नया स्थल उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11. | गया | मु0खे0वि0यो0 अंतर्गत गया जिला के मोहड़ा प्रखंड में जेठियन में 200 मी0 ट्रैकयुक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य। | ₹2.1749 करोड़<br>ज्ञापांक–257<br>दिनांक–13.05.2025 | कार्य आवंटित।<br>ग्रामीणों का विरोध। |
| 12. | गया | मु0खे0वि0यो0 अंतर्गत गया जिला के बोधगया प्रखंड के अतिया/432 में 200 मी0 ट्रैकयुक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य। | ₹2.1749 करोड़<br>ज्ञापांक–255<br>दिनांक–13.05.2025 | कार्य आवंटित।<br>सीमांकन की प्रक्रिया में। |
| 13. | गया | मु0खे0वि0यो0 अंतर्गत गया जिला के टनकुप्पा प्रखंड के टनकुप्पा/480 में 200 मी0 ट्रैकयुक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य। | ₹2.0592 करोड़<br>ज्ञापांक–252<br>दिनांक–13.05.2025 | तीन तरफ से कार्य प्रगति पर। एक तरफ से कार्य बाधित। ग्रामीणों द्वारा मॉडल प्लान से अधिक भूमि की चहारदिवारी कार्य करने को कहा जा रहा है। |
| 14. | रोहतास | मु0खे0वि0यो0 अंतर्गत रोहतास जिला के स्वामी आत्मा विवेकानंद महाराज विद्यालय, रेडियो, चेनारी प्रखंड में 200 मी0 ट्रैकयुक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य। | ₹2.0592 करोड़<br>ज्ञापांक–229<br>दिनांक–07.05.2025 | कार्य आवंटित।<br>खेसरा संख्या में परिवर्तन होना है। |
| 15. | रोहतास | मु0खे0वि0यो0 अंतर्गत रोहतास जिला के कोचस प्रखंड में 200 मी0 ट्रैकयुक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य। | ₹2.0592 करोड़<br>ज्ञापांक–227<br>दिनांक–07.05.2025 | कार्य बाधित।<br>ग्रामीणों का विरोध।<br>पहुँच पथ की समस्या। |
| 16. | पटना | मु0खे0वि0यो0 अंतर्गत पटना जिला के बेलछी प्रखंड मुख्यालय में 200 मी0 ट्रैकयुक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य। | ₹2.0592 करोड़<br>ज्ञापांक–240<br>दिनांक–08.05.2025 | कार्य आवंटित।<br>अचंलाधिकारी, बेलछी से सीमांकन करने का अनुरोध किया गया। |

03 पुराने स्वीकृत आउटडोर स्टेडियम की भी समस्याएँ निम्नांकित हैः–

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | स्टेडियम का नाम | अद्यतन स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | प0 चम्पारण | पिपरासी प्रखंड के परसौनी पिपरासी मे 200 मीटर ट्रैक युक्त फुटबॉल स्टेडियम निर्माण का कार्य। | नई चिन्हित भूमि पर निर्माण की स्वीकृति प्राप्त।<br>कार्य आवंटित। प्रारंभ नहीं।<br>उपमहाप्रबंधक, मुज0 के पत्रांक–607, दिनांक–31.05.2025 द्वारा माननीय पटना उच्च न्यायालय द्वारा कार्य पर रोक लगाये जाने के संदर्भ में सूचित किया गया है। |
| 2. | प0 चम्पारण | ठकराहाँ मे 200 मीटर ट्रैक युक्त फुटबॉल स्टेडियम निर्माण का कार्य। | नई चिन्हित भूमि पर निर्माण की स्वीकृति प्राप्त।<br>कार्य आवंटित।<br>स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विरोध। पुनः सीमांकन होना है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | प0 चम्पारण | भितहाँ प्रखंड के खैरा रुपही मे 200 मीटर ट्रैक युक्त फुटबॉल स्टेडियम निर्माण का कार्य। | कार्य आवंटित। अतिक्रमण के कारण सीमांकन नहीं हो पाया है। उपमहाप्रबंधक, मुज0 के पत्रांक–1095, दिनांक–06.10.2025 द्वारा सीमांकन का अनुरोध जिला खेल पदाधिकारी, प0 चंपारण ये किया गया है। |

उपर्युक्त के संबंध में संबंधित जिला पदाधिकारी को अर्द्ध–सरकारी पत्र भेजने का निदेश दिया गया।

**(ख)** प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम निर्माण हेतु लंबित मामले के संबंध में परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना द्वारा बताया गया कि विभागीय मापदंड के अनुसार भूमि उपलब्ध नहीं है।

इस संबंध में 03 प्रकार के अभ्यास स्टेडियम का नक्शा एवं प्राक्कलन अनुमोदित कर निगम को भेज दिया गया है। सचिव महोदय द्वारा आउटडोर स्टेडियम निर्माण हेतु भूमि कम रहने पर उक्त तीनों मॉडलों के अनुसार प्राक्कलन तैयार करने का निदेश बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना को दिया गया।

## IV <u>माननीय मंत्री/सांसद/विधान सभा सदस्य से संबंधित मामले</u>

माननीय मंत्री/सांसद/विधान सभा सदस्य से संबंधित मामलों की सूची तैयार किये जाने का निदेश दिया गया।

## V <u>बी0पी0 सिन्हा राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर, पटना का निर्माण</u>

सचिव महोदय द्वारा बी0पी0 सिन्हा राजकीय शिक्षा महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर, पटना का निर्माण हेतु डी.पी.आर के संबंध में अद्यतन स्थिति से अवगत कराने का निदेश दिया गया।

परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना द्वारा बताया गया कि बी0पी0 सिन्हा राजकीय शिक्षा महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर, पटना का निर्माण हेतु प्राक्कलन विभाग को उपलब्ध कराया गया है।

इस संबंध में उपस्थापित संचिका योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को पृष्ठांकित है। इस कार्य का अनुश्रवण श्री नरेश कुमार चौहान, सहायक निदेशक (युवा) द्वारा किया जायेगा।

## VI पाटलिपुत्र खेल परिसर अवस्थित रेनबो मैदान के जीर्णोद्धार

पाटलिपुत्र खेल परिसर से सटे रेनबो मैदान में वर्षा के कारण पूरा परिसर जलमग्न हो गया है।

सचिव महोदय द्वारा परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना को रेनबो मैदान जल–जमाव का स्थाई समाधान करने के साथ ही स्वीकृत नक्शा के अनुरूप कार्य का प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

उपर्युक्त कार्य का अनुश्रवण विभागीय सहायक अभियन्ता द्वारा किया जायेगा।

## VII राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, शास्त्रीनगर, पटना में हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र

राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, शास्त्रीनगर, पटना में अभ्यास एस्ट्रोटर्फ बनाने हेतु प्राक्कलन बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना एवं भवन निर्माण विभाग से प्राप्त हुआ है।

सचिव महोदय द्वारा अगले वित्तीय वर्ष में राशि की व्यवस्था करने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

5/1/2026

**(महेन्द्र कुमार)**
**सचिव।**

ज्ञापांक–......42...  पटना, दिनांक.6.....1../2025

प्रतिलिपिः– मुख्य महाप्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना/ संयुक्त सचिव, खेल विभाग/विशेष कार्य पदाधिकारी/परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना/सहायक निदेशक (क्रीड़ा/युवा)/अवर सचिव संबंधित प्रशाखा (04&05)/संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर/सभी जिला खेल पदाधिकारी/अधीक्षक शा0 शिक्षा/उपाधीक्षक शा0 शिक्षा, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/1/2026

सचिव।